सं. आईसीएमआर/भर्ती एवं पदोन्नति प्रकोष्ठ/तकनीकी मूल्यांकन/2026 दिनांक: 09 जुलाई, 2026

# कार्यालय ज्ञापन

विषय: आईआरएआरएस-2017 के अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु मूल्यांकन पदोन्नति – के संबंध में।

**********

परिषद अपने मुख्यालय/संस्थानों/केंद्रों के तकनीकी अधिकारियों के लिए परिषद तकनीकी संवर्ग एकीकृत भर्ती एवं मूल्यांकन नियम (IRARs), 2017 के अंतर्गत समूह III(5)/स्तर-12 एवं समूह III(6)/स्तर-13 के लिए दिनांक 01.04.2026 तक की मूल्यांकन पदोन्नति प्रक्रिया शुरु कर रहा है।

2. वे तकनीकी अधिकारियों जिन्होंने दिनांक 31.03.2026 तक या इससे पूर्व अपेक्षित रेजिडेंसी अवधि पूर्ण कर ली है, वे सभी मूल्यांकन हेतु निर्धारित (संलग्न) प्रारूप में सूचना/दस्तावेज उपलब्ध करवाएं ताकि उनके मूल्यांकन पर विचार किया जा सके:–

क) ऐसे पात्र तकनीकी अधिकारियों की सूची, जो पात्रता की शर्तों को पूर्ण करते हों तथा जिन्होंने दिनांक 31.03.2026 तक अथवा उससे पूर्व अपनी-अपनी निर्धारित रेजिडेंसी अवधि पूर्ण कर ली हो, अनुलग्नक-1 एवं अनुलग्नक-2 में विधिवत भरी हुई हो।

ख) विधिवत रूप से भरे किए गए कार्यों की रिपोर्ट (अनुसूची IV का परिशिष्ट, आईसीएमआर आईआरएआरएस -2017) जिसमें **केवल विगत पाँच वर्षों** की जानकारी हो, चूंकि न्यूनतम रेज़िडेंसी अवधि पाँच वर्ष है।

ग) मूल्यांकन के लिए योग्य तकनीकी अधिकारियों के संबंध में सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र, एकीकृत प्रमाण-पत्र एवं विगत 10 वर्षों के दौरान लगाए गए दीर्घ/लघु दंड शुल्क (पेनल्टी) का विवरण।

3. अनुलग्नक की सॉफ्ट कॉपी के साथ उक्त उल्लेखित दस्तावेजों को पीडीएफ प्रारूप में (एक्सेल प्रारूप में), परिषद के संस्थानों/केंद्रों के निदेशक/ निदेशक-प्रभारी एवं परिषद मुख्यालय के मामले में सहायक महानिदेशक (स्थापना) द्वारा विधिवत सत्यापित प्रति दिनांक 31.07.2026 तक ई-मेल icmrrpcell.tech@gmail.com पर प्रेषित करना आवश्यक है। उक्त दस्तावेजों की हार्ड कॉपी श्रीमती रीमा शर्मा, सहायक महानिदेशक (प्रशासन), परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली को प्रेषित की जाएं।

4. निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त होने वाली जानकारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

-हस्ता-

(रीमा शर्मा)

सहायक महा निदेशक (प्रशा.)

संलग्नक: यथोक्त

**प्रतिलिपि:-**

1. महानिदेशक/अपर महानिदेशक(एक्सट्राम्यूरल/इंट्राम्यूरल)/वरिष्ठ उपमहानिदेशक(प्रशा.)/वरि. वित्त सलाहकार के निजी सचिव।
2. सभी प्रभाग-प्रमुख, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली।
3. परिषद के सभी संस्थानों केंद्रों के निदेशक/निदेशक-प्रभारी।
4. उपमहानिदेशक(प्रशासन)/ सहा. महानिदेशक (प्रशा.)।
5. वरि. प्रशा. अधिकारी, स्थापना अनुभाग, परिषद मुख्यालय।
6. डॉ. एम. एस. चाल्गा, वैज्ञा.-'ई', परिषद मुख्यालय –वेबसाइट पर अपलोड हेतु।